एक नजर में

गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस अलर्ट

शुजालपुर, 24 जनवरी. गणतंत्र दिवस पर्व क्षेत्र में उत्साह के साथ मनाया जाएगा, 26 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियां जोरों पर है और रिहर्सल भी जारी है. इस राष्ट्रीय पर्व की सूरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय पुलिस भी अलर्ट है. सिटी थाना क्षेत्र में पचोर रोड पर पुलिस ने चेकिंग पाइंट लगाकर वाहनों की चेकिंग की, साथ ही सार्वजनिक स्थलों होटल, ढाबे व अन्य स्थानों पर भी चेकिंग की जा रही है. वाहन चेकिंग के दौरान उप निरीक्षक इनिम टोप्पो, प्रधान आरक्षक जितेंद्र राठौर, प्रधान आरक्षक सुनील पटेल, रामबाबू सिसोदिया, आरक्षक रामेश्वर दांगी, आरक्षक सतीश मेवाड़ा उपस्थित रहे.

देश हमारा रंगीला विषय पर काव्य गोष्ठी

शुजालपुर, 24 जनवरी. गणतंत्र दिवस के पूर्व म प्र हिंदी लेखिका संघ शुजालपुर ने देश रंगीला विषय पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया. जिलाध्यक्ष ग्रीष्मा शाह, अध्यक्ष संध्या धारीवाल, पूर्व अध्यक्ष राजकुमारी अग्रवाल, जिला सचिव वीणा गोयल, कार्यक्रम अध्यक्ष पुष्पा शाह ने सरस्वती पूजन कर कार्यकम की शुरुआत की. काव्य गोष्ठी में मधु चौधरी ने तिरंगा ओढ के आ जाए, मधु मंडलोई ने देश हमारा हैं रंगीला, रीना सुराना ने अपने भारत की बात कहे हम है देश हमारा रंगीला, पुष्पा शाह ने जहां इंद्रधनुष रंगों की बहार है इसे रंगीले भारत को प्रणाम है, लता राठौड़ ने विश्वगुरु बन जाए यह संकल्प हमारा है कविता सुनाई. इसी प्रकार कोमल देशमुख ने गणतंत्र से मिला मतदान का अधिकार, लक्ष्मी खत्री देश रंगीला रंगीला देश रंगीला गीत और वंदना चौहान ने आज तिरंगा लहरा ऊंचा कविता पाठ किया. इस दौरान अंजू सोनी, नेहा शाह, पूजा पाटीदार, लाज खत्री, रितु विजयवर्गीय, हरभजन कौर राजपाल, तेजकिरण जैन, मीना चौधरी, राजकुमारी अग्रवाल, अनिता पंवार, दीपाली सोलंकी ने भी प्रस्तुति दी. देहदान के प्रण के लिए सुधाकर राव देशमुख एवं परिवार का सम्मान किया गया. संचालन वीणा गोयल व आभार लाज खत्री ने माना.

बाबा श्याम का फूलों से किया गया आकर्षक श्रृंगार

शुजालपुर, 24 जनवरी. प्राचीन शनि धाम स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर अकोदिया में बसंत पंचमी पर विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए. प्रातः 6 बजे बाबा का अभिषेक पूजन किया गया, बाबा का आकर्षक फूलों से श्रृंगार कर मंदिर की आकर्षक साज सज्जा की गई. मंदिर के पुजारी पंडित हेमंत शर्मा रवि शर्मा के मार्ग दर्शन में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए गए. शाम 5 बजे श्याम प्रेमी तेज सिंह हाडा के द्वारा बाबा को 56 भोग अर्पित किया, महिला मंडल की श्याम प्रेमीयों द्वारा अखंड ज्योत प्रज्वलित कर ताली कीर्तन के माध्यम से श्याम नाम का गुणगान किया. पंडित हेमंत शर्मा ने वसंत पंचमी के आगमन का महत्व बताते हुए सभी को वसन्त पंचमी की शुभकामनाएं दी.

मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई

शुजालपुर, 24 जनवरी. जेएनएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में मतदाता जागरूकता के अंतर्गत शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रवीणा धारीवाल ने शपथ दिलाई. इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ , 4 मप्र बटालियन एनसीसी भोपाल की महाविद्यालयीन इकाई के एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस कैडेट्स एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ रवि राठौर ने किया.

ट्रेन में छूटा यात्री का बैग, जीआरपी-आरपीएफ की तत्परता से सुरक्षित मिला

मक्सी, 24 जनवरी. शनिवार को यात्री हरिश्चंद्र पुत्र महेश चंद्र मुदगल निवासी माधव नगर अजमेर राजस्थान अपने परिवार के साथ ट्रेन संख्या 19711 जयपुर-भोपाल एक्सप्रेस के कोच ए वन की सीट नंबर 23 पर अजमेर से उज्जैन की यात्रा कर रहे थे. उज्जैन स्टेशन पर उतरने के बाद यात्री का नीले रंग का पिट्ठू बैग सीट पर ही छूट गया. बैग में लगभग 20,000 रुपए नगदए रेलवे की आईडीए आधार कार्ड, मोबाइल चार्जर सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज रखे हुए थे. सूचना मिलने पर जीआरपी एवं आरपीएफ की टीम ने तत्परता दिखाते हुए ट्रेन की जांच की और सुरक्षित रूप से बैग को उतरवाया. फरियादी के स्टेशन पर पहुंचने पर सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर बैग विधिवत सुपुर्द किया गया. बैग सुरक्षित मिलने पर यात्री द्वारा जीआरपी एवं आरपीएफ स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया.

मक्सी में हिंदू सम्मेलन के बाद असामाजिक तत्वों की हरकत

महापुरुषों के बैनर-पोस्टरों फाड़ने पर एफआईआर

मक्सी, 24 जनवरी. बसंत पंचमी के अवसर पर शुक्रवार को मक्सी में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद देर रात असामाजिक तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया. सम्मेलन स्थल श्रीराम गार्डन तालाब की पाल के आसपास लगाए गए महापुरुषों के बैनर-पोस्टर अज्ञात लोगों द्वारा फाड़दिए गए, जिससे नगर में आक्रोश का माहौल बन गया.

इस संबंध में मक्सी थाना क्षेत्र में शिकायत दर्ज कराई गई है. फरियादी हरीश पांडे निवासी पुराना एबी रोड रेस्ट हाउस के पास मक्सी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 23 जनवरी को श्रीराम गार्डन तालाब की पाल के पास विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ था. कार्यक्रम के लिए सड़क किनारे भगवान श्रीराम, भगवान श्री देवनारायण, संत रविदास, डॉ.भीमराव अंबेडकर, महाराणा प्रताप, शहीद भगत सिंह, शहीद चंद्रशेखर आजाद, स्वामी विवेकानंद, संत श्री धीरेंद्र शास्त्री, संत श्री गोविंद जाने सहित अन्य महापुरुषों के चित्रों वाले पोस्टर लगाए गए थे, जो कार्यक्रम समाप्त होने तक सुरक्षित थे.

महापुरूषों के पोस्टर फाड़े...

हिन्दू सम्मेलन के बाद देर रात अज्ञात असामाजिक तत्वों ने इन पोस्टरों को फाड़ दिया. घटना की सूचना मिलते ही हिंदू संगठनों के पदाधिकारी मक्सी थाने पहुंचे और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई. साथ ही नगर के शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की. हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि इस तरह की घटनाएं सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास हैं, जिन्हें किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज...

इस मामले में मक्सी थाना प्रभारी संजय वर्मा ने बताया कि महापुरुषों के बैनर फाड़ने की सूचना प्राप्त हुई है. प्रकरण दर्ज कर लिया गया है. आरोपी फिलहाल अज्ञात है, जिनकी पहचान के लिए नगर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं. आने-जाने वाले लोगों से भी पूछताछ की जाएगी. जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा और उनके खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नगर की शांति व्यवस्था भंग करने वालों के प्रति किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी.

मक्सी रेलवे स्टेशन यार्ड के पास कंटेनर मालगाड़ी पटरी से उतरी

दो हिस्सों में बंटी ट्रेन, कोई जनहानि नहीं

मक्सी, 24 जनवरी. मक्सी रेलवे स्टेशन यार्ड के पास शनिवार दोपहर करीब 1.05 बजे एक कंटेनर मालगाड़ी पटरी से उतर गई. हादसे के चलते ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई. गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई.

प्राप्त जानकारी के अनुसार कंटेनर मालगाड़ी वडोदरा से झांसी की ओर जा रही थी. स्टेशन क्षेत्र में हुई इस घटना के कारण कुछ समय के लिए रेल यातायात प्रभावित रहा. मालगाड़ी के एक से दो डिब्बे पटरी से उतर गए. घटना की सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी एवं तकनीकी टीम मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया. हालांकि

रेलवे प्रशासन द्वारा तकनीकी जांच जारी है. रिपोर्ट आने के बाद ही हादसे के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा. पटरी से उतरे डिब्बों को हटाने और ट्रैक को दुरुस्त करने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया. एहतियातन प्रभावित ट्रैक पर रेल संचालन को अस्थायी रूप से नियंत्रित किया गया है.

टायर फटने से नाले में गिरी कार, सभी यात्री सुरक्षित

शाजापुर, 24 जनवरी.नेशनल हाईवे 52 पर भैरू डूंगरी के पास शनिवार अलसुबह एक कार का टायर फट गया. जिससे कार का संतुलन बिगड़ा और वह नाले में उतर गई. हालांकि वाहन की गति नियंत्रित होने से बड़ा हादसा टल गया.

यह घटना सुबह करीब 7 बजे हुई, कार ग्वालियर से इंदौर की ओर जा रही थी और इसमें छह लोग सवार थे. राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई और सभी यात्री सुरक्षित बताए गए हैं. कार का टायर अचानक फटने से चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा, जिसके परिणामस्वरूप कार नाले में जा गिरी. घटना की सूचना मिलते ही लालघाटी थाना क्षेत्र की डायल.112 टीम तुरंत मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया. कार में सवार यात्रियों की पहचान अतुल कुशवाह 36, जुड़ावन कुशवाह 62, कृपान कुशवाह 60, अंकिता सिंह 29, अंशुमान सिंह 23 और श्रीनिका सिंह 3 के रूप में हुई है. सभी यात्रियों की प्राथमिक जांच की गई, जिसमें उन्हें सुरक्षित पाया गया. पुलिस ने मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाया, ताकि अन्य वाहनों के आवागमन में कोई बाधा न आए.

जम्मू कश्मीर की बर्फबारी ने शहर को बनाया शिमला

दिनभर चली बर्फीली हवाएं, देर रात तक अलाव के सहारे रहे नगरवासी

शाजापुर, 24 जनवरी. नगर के मौसम ने एक बार फिर करवट बदली और मौसम अचानक सर्द हो गया. जबकि एक दिन पहले लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा था और रात का तापमान भी 16 डिग्री तक पहुंच गया था. लेकिन शुक्रवार को हुई बर्फबारी ने नगर को भी शिमला बना दिया.

इस दिन तापमान तो 11 डिग्री रहा, लेकिन 17 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं ने मौसम को सर्द बनाए रखा. सुबह तो हवाओं की गति सामान्य थी, लेकिन शाम को फिर हवाओं की गति बढ़ी जिसने सर्दी का ग्राफऔर बढ़ा दिया. यही कारण था कि नगर के बाजारों में भी समय से पहले सन्नाटा पसर गया. इस दिन अधिकतम तापमान 25.2 व न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री दर्ज किया गया.

फरवरी से गर्म होने लगेगा मौसम

मौसम विभाग की माने तो 31 जनवरी के बाद सर्दी गायब हो जाएगी और फरवरी माह से मौसम पूरी तरह बदल जाएगा. मौसम विशेषज्ञ के अनुसार फरवरी माह से गर्मी का एहसास होने लगेगा और तापमान में भी बढ़ोत्तरी होगी.

फिर चमकी ठंड, आने वाले दिनों में भी मौसम रहेगा सर्द

मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि आसमान पर बादल तो छाए रहेंगे, लेकिन सर्द हवाओं का सिलसिला यूं ही जारी रहेगा. जिसके चलते मौसम सर्द बना रहेगा. उन्होंने बताया कि बीच-बीच में जरूर मौसम सामान्य हो गया था, लेकिन बर्फबारी के चलते यहां का मौसम फिर सर्द हो गया है. जिसके चलते इस पूरे सप्ताह सर्द हवाएं लोगों को सर्दी का एहसास कराएगी. इसके अलावा 29 व 30 जनवरी में हल्की बूंदाबांदी की भी संभावना है.

पहले लिया आशीर्वाद, फिर मंदिर में ही किया हाथ साफ

सीसीटीवी फुटेज में चोरी करते दिखे बदमाश, पुलिस ने किया मामला दर्ज

शाजापुर, 24 जनवरी. मोहन बड़ोदिया थानांतर्गत ग्राम जावदी स्थित मंदिर में दो बदमाशों ने हजारों के सामान पर हाथ साफकर दिया. पहले तो बदमाशों ने मंदिर में प्रवेश करते ही भगवान को प्रणाम किया. इसके बाद एक के बाद एक दो बदमाश मंदिर में घुसे, जिन्होंने वहां से दानपेटी में रखी नगदी और प्रतिमाओं के आभूषण चुरा लिए. बदमाशों की यह हरकत वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई.

सीसीटीवी फुटेज में दो अज्ञात चोर दिखाई दे रहे हैं. इसमें से एक ने मंदिर में प्रणाम किया और इसके बाद दिया चोरी की घटना को अंजाम. पुलिस ने मंदिर समिति अध्यक्ष की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. घटना के बाद शनिवार सुबह थाना प्रभारी भीम सिंह पटेल अपनी टीम के साथ मंदिर पहुंचे. मंदिर समिति अध्यक्ष कमल सिंह राजपूत 44 ने मोहन बड़ोदिया पुलिस को बताया कि उन्हें 23 जनवरी की

सुबह करीब 5.30 बजे सुरेश कुमार प्रजापत ने मंदिर का ताला टूटने की सूचना दी थी. सुबह 6.30 बजे समिति सदस्यों के साथ मंदिर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि अज्ञात बदमाशों ने मंदिर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है. पुजारी के अनुसार चोरों ने हनुमान मंदिर से एक बड़ा चांदी का छत्र, एक मुकुट, चार छोटे छत्र और एक चांदी का हार चुराया. इसके अलावा परिसर में स्थित माता मंदिर से एक चांदी का मुकुट और फूल छत्र भी चोरी हो गया. शिव मंदिर की दान पेटी तोड़कर उसमें रखी दानराशि भी ले जाई गई. चोरी हुए आभूषणों का वजन और कीमत बिल देखने के बाद ही बताई जा सकेगी. मो. बड़ोदिया थाना प्रभारी ने बताया कि फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है. पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी देखे है. उन्होंने कहा कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया जाएगा.

एक नजर में

कलेक्टर ने क्षेत्र के विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

जहां कमी निकली वहां जताई नाराजगी तो अच्छे काम पर की प्रशंसा

शाजापुर, 24 जनवरी. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने जिले की जनपद पंचायत मो. बड़ोदिया क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर कार्यों का निरीक्षण किया. कलेक्टर सुश्री बाफना ने ग्राम पंचायत खोरियाएमा में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी द्वारा अनुबंध अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर ब्लैकलिस्ट की कार्रवाई करने एवं किए गए खराब कार्यों को एक माह के अंदर दोबारा से ठेकेदार से कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए.

कलेक्टर सुश्री बाफना ने मो. बड़ोदिया में जल निगम के कार्यों का निरीक्षण किया. कलेक्टर को ग्रामीणों ने बताया कि जलनिगम विभाग द्वारा पुरानी पाईपलाइन को तोड़ दिया गया हैं, जिस कारण उन्हें पेयजल के लिए समस्या का सामना करना पड़ रहा हैं. इस पर कलेक्टर सुश्री बाफना ने जल निगम के अधिकारी को तत्काल टेंकर के माध्यम से पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने, तोड़ी गई पाईपलाइन की मरम्मत कराने, पीएमजीएसवाय के रोडरेस्टोरेशन के कार्यों को निर्धारित मापदण्ड अनुसार ठीक करने एवं जलनिगम द्वारा किये जा रहे कार्यों को एक माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए. कलेक्टर सुश्री बाफना ने ग्राम पंचायत निपानिया करजू एवं सारसी में निर्माणाधीन आंगनवाडी भवन के कार्यों को समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण करने, पोषण वाटिका, खेल परिसर, रैम्प आदि कार्य कराने के निर्देश दिए. इस दौरान कलेक्टर ने निपानिया करजू में जलजीवन मिशन अंतर्गत हस्तांतरित नलजल योजना का निरीक्षण किया. उन्होंने ग्राम के सचिव को निर्देश दिए कि ग्रामीणों को पेयजल टंकी के माध्यम से नियमित रूप से जल प्रदाय करें. इस दौरान उन्होंने उपस्थित ग्राम की महिलाओं से किए जा रहे जलप्रदाय के बारे में जानकारी भी प्राप्त की.

वेतन रोकने तथा कार्यों की जांच करने के निर्देश

इसके उपरांत कलेक्टर ने मोहन बडोदिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नवीन बीपीएचसी कार्य का निरीक्षण किया. नवीन बीपीएचसी कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं होने पर कलेक्टर ने पीआईयू उपयंत्री को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर वेतन रोकने तथा जांच समिति से नवीन बीएचसी भवन के कार्यों की जांच करने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने निर्माणाधीन आईटीआई भवन का भी निरीक्षण कर पीआईयू के अधिकारी को क्यूब की प्रयोगशाला में जांच कराने एवं सतत रूप से किये जा रहे कार्यों की निगरानी करने तथा ठेकेदार को कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए.

एफएलएन गतिविधियों का निरीक्षण किया

कलेक्टर ने एकीकृत शाला कन्या माध्यमिक विद्यालय मो. बड़ोदिया में कक्षा 01 से 03 के लिए चल रही एफएलएन गतिविधियों का आकस्मिक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने कक्षा 02 एवं कक्षा 03 के बच्चों से किताबें पढ़वाई और अपने समक्ष गणित के जोड़ के सवाल भी हल करवाएं. बच्चों के बेहतर प्रदर्शन पर कलेक्टर सहित सभी ने ताली बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया. साथ ही कलेक्टर सुश्री बफ्ना ने बच्चों के बेहतर शैक्षणिक स्तर को देखते हुए शिक्षकों की प्रशंसा की. इस दौरान कलेक्टर ने शिक्षकों को निर्देश दिये कि शाला में अनियमित आने वाले एवं अनुपस्थित बच्चों पर विशेष ध्यान दें. साथ ही उन्होंने शाला में दर्ज सभी बच्चों को विद्यालय में उपस्थित होने के लिए पालकों से संवाद कर विद्यालय में भिजवाने के लिए कहा. इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अनुपमा चौहान, जनपद पंचायत सीईओ अमृतराज सिसोदिया, तहसीलदार श्रीमती दिव्या जैन आदि मौजूद थे.

पुल की गुणवत्ता अच्छी निकली...

कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सागडिया में वाटरशेड अंतर्गत निर्मित किये जा रहे तालाब की गुणवत्ता पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए. उन्होंने ग्राम पंचायत चौमा में वाटरशेड अंतर्गत निर्मित चेक डेम का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग द्वारा चौमा में निर्मणाधीन पुलिया का निरीक्षण किया एवं समयसीमा में पुलिया पूर्ण कराने के निर्देश दिये. साथ ही कलेक्टर ने ग्राम बिजाना में पीएमजीएसवाय विभाग द्वारा निर्मित पुल का का निरीक्षण किया, पुल की गुणवत्ता अच्छी होने पर उन्होंने प्रशंसा की. इसके उपरांत कलेक्टर सुश्री बाफ्ना ने जलजीवन मिशन अंतर्गत किये जा रहे कार्यों के दौरान पीएमजीएसवाय के क्षतिग्रस्त मार्ग का निरीक्षण किया. उन्होंने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को पीएमजीएसवाय के क्षतिग्रस्त मार्गों को निर्धारित मापदण्ड अनुसार समयसीमा में ठीक करने के निर्देश दिये.

ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड के लिए किया गया जागरूक

शाजापुर, 24 जनवरी. सीएससी के द्वारा संचालित वीजा सीएसआर के अंतर्गत ग्राम केवड़ाखेड़ी पंचायत में सीएससी वीएलई विकास धनगर के द्वारा ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड के बचने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया. प्रशिक्षण में बताया गया कि कैसे किसी अनजाने कॉल में बैंक ओटीपी मांगने पर क्या करना चाहिए और डिजिटल अरेस्ट कैसे किया जाता है एवं इससे कैसे बचे. साइबर फ्रॉड बहुत तेजी से ग्रामीण अंचल पर भी हो रहा है इसीलिए वीजा सीएसआर के द्वारा सीएससी के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है. जिसमें सभी को सतर्क रहने की ट्रेनिंग दी गई.

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरे निर्वाचन कार्ड (वोटर आईडी) में मेरा नाम चेनसिंह लिखा हुआ है और वर्तमान में मेरे आधार कार्ड और पेन कार्ड में चेनसिंह ठाकुर लिखा है और वर्तमान में चेनसिंह ठाकुर से जाना जाता है. वोटर आईडी में नाम CHEMA SINGH अंग्रेजी में लिखा है. और मेरा पुराना पता 126/1 शाजापुर PIN 465001 (M.P) की जगह मेरा वर्तमान पता नया चेनसिंह ठाकुर S/O देवीचरण ठाकुर वार्ड नं. 5 लोहिया मार्ग हनुमान मंदिर के पास महूपुरा शाजापुर है. यह सब में ही हूं एक ही व्यक्ति चेनसिंह.

चेनसिंह ठाकुर
मो. 98267 40489